# तीसरी कक्षा के 33 .7 % बच्चे ही कर पाते हैं घटाना

## 5वीं में 69 .3% और 8वीं में 54 .2 % बच्चें नहीं कर पाते संख्याओं में भाग

### ▸ गणितीय क्षमता में सुधार लेकिन रफ्तार चिंताजनक

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 28 जून. देश में साक्षरता दर बढ़कर लगभग 80 प्रतिशत हो चुकी है लेकिन यह आंकड़ा व्यावहारिक ज्ञान की कसौटी पर अधूरा है. वार्षिक शिक्षा स्थिति (एएसईआर) की एक रिपोर्ट बताती है कि कागजी साक्षरता दर और बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान के बीच काफी अंतर है.रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 सालों में बच्चों की गणितीय क्षमता में सुधार तो हुआ है, लेकिन रफ्तार अब भी चिंताजनक है. वहीं इस मामले में सरकारी स्कूलों का आंकड़ा प्राइवेट स्कूलों से पीछे है.**

रिपोर्ट के अनुसार साल 2014 में सरकारी स्कूलों में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले केवल 17.2 प्रतिशत बच्चे ही घटाना




### 5वीं कक्षा में 69 .3 प्रतिशत लोग नहीं कर पाते भाग

5 वीं कक्षा में 2014 में सरकारी स्कूलों के 20 .7 प्रतिशत बच्चे संख्याओं का भाग कर पाते थे. जो साल 2024 में बढ़कर 26 .5 प्रतिशत हो गए हैं .जबकि प्राइवेट स्कूलों में यह आंकड़ा 2014 के 39 .3 प्रतिशत से सुधरकर 2024 में 41 .8 प्रतिशत हो गया है .वहीं दोनों के मिलाकर देखें तो 2014 में कुल 26 .1 प्रतिशत बच्चे भाग दे पाने वालों की संख्या बढ़कर 2024 में 30 .7 प्रतिशत हो गई है .लेकिन अब भी 69 .3 प्रतिशत बच्चे संख्याओं में भाग देने में असमर्थ हैं .

कर पाते थे. जो 2024 में बढ़कर 27.6 प्रतिशत हो गये हैं.वहीं प्राइवेट स्कूलों में वर्ष 2014 में यह आंकड़ा 43.4 प्रतिशत था, जो 2024 में बढ़कर 47.5 प्रतिशत हो गया. जबकि दोनों तरह के स्तर को निलाकर देखें तो 2014 में 25.4 प्रतिशत बच्चे घटाना कर पाते थे, जो 2024 में बढ़कर 33.7 प्रतिशत हो गये हैं.

हालांकि इस मामले में सरकारी स्कूलों ने पिछले एक दशक में बेहतर प्रदर्शन किया है.

### 8वीं में 54 .2 प्रतिशत बच्चे नहीं कर पाते भाग

सरकारी स्कूलों में 8 वीं कक्षा में पढ़ने वाले केवल 40 प्रतिशत बच्चे ही साल 2014 में भाग दे पाते थे. जो वर्ष 2024 में बढ़कर 41.9 प्रतिशत हुए हैं .वहीं प्राइवेट स्कूलों में इन बच्चों का आंकड़ा 2014 में 54.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 55 .8 प्रतिशत हो पाया है .कुल मिलाकर देखें तो 2014 में 44 .2 प्रतिशत भाग हल कर पाने वाले बच्चों की संख्या 2024 में बढ़कर 45 .8 प्रतिशत तक ही पहुंच सकी. वहीं 54 .2 प्रतिशत बच्चे भाग हल नहीं कर पा रहे है .

# नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में तकनीक बनेगी आधार

### ▸ राज्यभर की न्याय एजेंसियों को जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम

विशेष संवाददाता

भोपाल, मध्यप्रदेश ने आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए रविवार को राजधानी भोपाल में आईसीजेएस इम्प्लीमेंटेशन एंड डिजिटल इंटीग्रेशन विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया.

कार्यशाला में पुलिस, न्यायपालिका, अभियोजन, जेल, विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं तथा स्वास्थ्य विभाग सहित आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी प्रमुख स्तंभों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर तकनीकी समन्वय और डिजिटल एकीकरण को मजबूत बनाने की रणनीति पर मंथन किया.

राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव एस. कालगांवकर ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा तथा एससीआरबी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद की उपस्थिति में किया.न्यायमूर्ति कालगांवकर ने कहा कि आईसीजेएस केवल एक तकनीकी मंच नहीं, बल्कि न्याय प्रणाली के विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय का सशक्त माध्यम है. अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार ने डिजिटल एकीकरण और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है.

### तकनीक आधारित पुलिसिंग अनिवार्य : मकवाणा

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि साइबर अपराध, संगठित अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी जैसी चुनौतियों से निपटने में तकनीक आधारित पुलिसिंग अब अनिवार्य हो गई है . उन्होंने बताया कि विवेचना अधिकारियों को टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं तथा ई-साक्ष्य, एनएएफआईएस और सीसीटीएनएस जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म जांच प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बना रहे हैं . कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025-26 की सीसीटीएनएस डेटा गुणवत्ता रैंकिंग में रतलाम को प्रथम, अशोकनगर और गुना को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा राजगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया .वहीं भोपाल पुलिस कमिश्नरेट, देवास और इंदौर को फिंगरप्रिंट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान मिला . कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में देशभर से आए विशेषज्ञों ने सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करते हुए वर्ष 2026-27 के लिए आईसीजेएस की भावी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की .

# पर्यावरण प्रहरी अभियान में बच्चों ने रोपे पौधे

**भोपाल, 28 जून. शहर में हरियाली बढ़ाने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को बरखेड़ी स्थित गुरुकृपा गुरुकुल स्कूल परिसर में 'पर्यावरण प्रहरी अभियान' की शुरुआत हुई.**

अभियान के पहले दिन 50 से अधिक बच्चों और समाजसेवियों ने मिलकर 200 से ज्यादा पौधे लगाए. पौधारोपण के दौरान अशोक, नीम, अर्जुन, जामुन, अमरूद, आंवला, सीताफल और कटहल समेत कई तरह के पौधे लगाए गए. आयोजन का मकसद सिर्फ पौधे लगाना नहीं, बल्कि



लोगों को उनके संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित करना भी रहा. पौधे लगाने के बाद बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया. अभियान से जुड़े समाजसेवी उमेश सोनी ने बताया कि यह पहल अगले तीन महीने तक लगातार चलेगी. इस दौरान शहर के अलग-अलग इलाकों में पौधारोपण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और बदलते मौसम को देखते हुए हर व्यक्ति को पर्यावरण बचाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए.

## ओमन वर्गीस का अंतिम संस्कार एक जुलाई को

**भोपाल, 28 जून.** भोपाल के ओल्ड सुभाष नगर निवासी ओमन वर्गीस का निधन हो गया है. उनका अंतिम संस्कार एक जुलाई को भदभदा क्रिश्चियन विश्रामघाट पर किया जाएगा. परिजनों के मुताबिक उनकी अंतिम यात्रा एक जुलाई को सुभाष नगर में कैराली अपार्टमेंट स्थित निज निवास से सुबह नौ बजे प्रारंभ होगी. दस बजे चर्च में विशेष प्रार्थना के बाद भदभदा क्रिश्चियन विश्रामघाट में उनके पार्थिव शरीर को दफनाया जाएगा. ओमन वर्गीस ने प्रतिष्ठित समाचारपत्र समूह नवभारत-क्रॉनिकल में भी अपनी सेवाएं दीं.

# आठ दिवसीय राष्ट्रीय कथक कार्यशाला का समापन

### ▸ प्रशिक्षण में 120 प्रतिभागियों ने सीखी कथक की बारीकियां

निज संवाददाता

**भोपाल,28 जून. शहर में आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय कथक कार्यशाला का भव्य समापन रविवार को पद्मश्री शोभना नारायण के विशेष मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. यह कार्यशाला दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित की गई.**

इसमें देशभर से लगभग 120 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कथक नृत्य की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त



किया. कार्यशाला के दौरान पद्मश्री शोभना नारायण ने प्रतिभागियों को कथक की तकनीक, तोड़े, टुकड़े, तत्कार, हस्तक, गत निकास, अभिनय तथा शास्त्रीय सौंदर्य के विभिन्न आयामों की विस्तार से जानकारी दी. उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कथक की शुद्ध शैली, लय और ताल के साथ मंचीय प्रस्तुति की बारीकियों का अभ्यास किया.

### साक्षात्कार



कथक कला प्रसार कार्यशाला की आयोजक अमिता खरे ने नवभारत से बातचीत में अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य नई पीढ़ी को पारंपरिक कथक से जोड़ना और उन्हें शास्त्रीय नृत्य के प्रति जागरूक करना है . साथ ही पद्मश्री शोभना नारायण जैसे श्रेष्ठ गुरु के सान्निध्य से जोड़ना रहा .

# बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक



**बैरसिया, 28 जून.** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पांच साल तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई. सिविल अस्पताल बैरसिया में सीबीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु एव नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप हिडाऊ कोल्डचेन प्रभारी अशोक कुमार सिरोलिया, बीपीएम मनोज मेहर, अर्जुन सिह ठाकुर ,वंदना कुलश्रेष्ठ , ममता , बबली दांगी आदि ने बच्चों को दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया. सीबीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु ने बताया कि सोमवार ओर मंगलवार को भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी. जन्म से 5 साल तक के 34 हजार 500 बच्चों को 329 पोलियो बूथों पर 870 टीकाकर्मी सुपरवाइजर , एएनएम , आशा , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दवा पिलाने तैयार किए हैं. सात संस्थागत बूथ हैं. मॉनिटरिंग के लिए 11 ट्रांजिट टीम, 41 सुपरवाइजर ओर 6 मोवाइल टीम गठित की गई हैं.

# साइबर अपराध से बचने जागरुकता की दिलाई शपथ

### ▸ ग्रामीण पुलिस का 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान जारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 जून.** साइबर जागरूकता अभियान 'सेफ क्लिक 2.0' के तहत भोपाल ग्रामीण पुलिस का व्यापक जनजागरूकता अभियान जारी है. अभियान के पांचवें दिन आयोजित 15 कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 1300 से अधिक सरपंच, सचिव, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया. सभी प्रतिभागियों को



सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई. पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सोनकर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. साथ ही साइबर जागरूकता रथ द्वारा गांव-गांव एवं चिन्हित सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है.

# 120 करोड़ से बनेगा सीवेज नेटवर्क

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 28 जून. अमृत मिशन-2 के तहत गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में करीब 120 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सीवेज नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जिससे निजी कॉलोनियों सहित कई आवासीय क्षेत्रों की वर्षों पुरानी सीवेज समस्या का समाधान होगा. इसके साथ ही मिसरोद से अयोध्या बायपास होते हुए एयरपोर्ट तक तथा बावड़ियाकला से दानिश नगर तक एलिवेटेड रोड का निर्माण भी प्रस्तावित है.**



यह जानकारी पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने वार्ड-53 स्थित स्टर्लिंग ग्लोब ग्रैंड परिसर के पहुंच मार्ग लोकार्पण एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए दी. स्टर्लिंग ग्लोब ग्रैंड रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था के सतीश नारायण शुक्ला आदि ने अतिथियों का स्वागत किया.



## पांच साल तक के बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**भोपाल.** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को जिलेभर में 5 साल तक की उम्र के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई. भोपाल जिले में करीब 3.32 लाख बच्चों को पोलियो रोधी खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है. मंगलवार और बुधवार को भी पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों, सरकारी एवं निजी अस्पतालों के अलावा शॉपिंग मॉल, प्रमुख बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और एयरपोर्ट पर भी पोलियो बूथ बनाए गए.

# दो प्रांतीय समितियों की नवीन कार्यकारिणी निर्वाचित

### ▸ विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 28 जून. विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की वार्षिक साधारण सभा रविवार को सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान हर्षवर्धन नगर में हुई, जिसमें सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मप्र और ग्राम भारती शिक्षा समिति की त्रैवार्षिक निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई. इसमें सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मप्र के अध्यक्ष पद पर मोहनलाल गुप्ता और ग्राम भारती शिक्षा समिति अध्यक्ष महेन्द्र सिंह रघुवंशी निर्वाचित हुए हैं.**

निर्वाचन अधिकारी प्रकाश




धनगर, सहमंत्री, विद्या भारती मध्यक्षेत्र और संजय पटवा, कोषाध्यक्ष, विद्या भारती मध्यक्षेत्र के मार्गदर्शन में निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई. इस दौरान सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मप्र के प्रादेशिक सचिव पद पर दिग्विजय सिंह चौहान, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. शिरोमणि दुबे, डॉ. आशीष जोशी, सरिता पटेल और कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश राजपूत निर्वाचित हुए हैं. सहसचिव रश्मि रघुवंशी, चन्द्रकान्त त्रिपाठी और संदीप केकरे चुने गए. समिति सदस्य राजेश शुक्ला, कुंजबिहारी चतुर्वेदी, विवेक वर्मा, पूजा उदासी, अंकित अग्रवाल, मूलचंद कबीरपंथी चुने गए.

पदेन सदस्य प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी, सह संगठन मंत्री अनिल अग्रवाल और प्रांत प्रमुख रामकुमार भावसार होंगे. विशेष आमंत्रित सदस्य दीपक चन्देवा, प्रो. नीलाभ तिवारी एवं डॉ. रामनिवास गुप्ता को बनाया गया है.



## पार्क सौंदर्यीकरण का किया भूमिपूजन

**भोपाल.** नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने रविवार को वार्ड 28 के अंतर्गत लगभग 40 लाख रुपये की लागत से गीतांजलि कॉम्प्लेक्स स्थित रवींद्रनाथ टैगौर उद्यान के सौंदर्यीकरण एवं सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर सूर्यवंशी ने कहा कि हम शहर के सार्वजनिक स्थलों का विकास कर उन्हें और सुंदर बना रहे हैं.

# जिले के सभी बूथों पर सुनी मन की बात

### ▸ सांसद ने किया पौधरोपण

**भोपाल, 28 जून. भाजपा के जिला अध्यक्ष रविंद्र यति के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड को जिले के सभी 31 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुना गया.**

इसके बाद सभी बूथों पर बूथ समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसके अंतर्गत 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के तहत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रमाण-



पत्र वितरित किए गए. जिले के विभिन्न मंडलों एवं बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में मंत्री राकेश सिंह, विश्वास कैलाश सारंग एवं श्रीमती कृष्णा गौर, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा तथा भगवानदास सबनानी मौजूद रहे. इसी कड़ी में सांसद आलोक शर्मा ने मध्य विधानसभा के अरेरा मंडल अंतर्गत वार्ड क्र. 45 के बूथ क्र. 177 स्थित प्रयास समिति पार्क में बूथ समिति एवं क्षेत्रीय रहवासियों के साथ सहभागिता की. सांसद शर्मा ने इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया.इस अवसर पर पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, पूर्व बीडीए उपाध्यक्ष सुनील पांडेय, जिला मंत्री राकेश कुकरेजा, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, मुकुल लोखंडे, पार्षद शिखा मोनू गोहल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित , मोनू गोहल, महेंद्र वर्मा मौजूद रहे.


### नाम परिवर्तन

मैं SUBOOHI ANSARI D/O MOHAMMED TAHIR ANSARI आयु वयस्क निवासीः 10 नियर कलंदर शाह मस्जिद सैफिया कॉलेज रोड भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम SUBUHI ANSARI और मेरी माता का नाम FIRDOS ANSARI दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम SUBOOHI ANSARI और मेरी माता का नाम FIRDOUS ANSARI हो गया है . अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम और मेरी माता का नाम यही है . अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा .


**आयोजन** ▸ प्रथम अखिल भारतीय आदिवासी साहित्यिक महोत्सव संपन्न

# आदिवासियों की संस्कृति, परंपराओं पर हुई चर्चा

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 28 जून. पराक्रम जनसेवी संस्थान के तत्वावधान में रविवार को प्रथम अखिल भारतीय आदिवासी साहित्यिक महोत्सव का आयोजन किया गया. महोत्सव में देशभर से आए आदिवासी साहित्यकारों, कवियों, लेखकों, शोधकर्ताओं, कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आदिवासी साहित्य, संस्कृति और परंपराओं पर अपने विचार साझा किए.**

संस्थान के अध्यक्ष एवं संस्थापक शरद सिंह कुमरे ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य आदिवासी समाज की समृद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं



बौद्धिक विरासत को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना तथा उसके संरक्षण, संवर्धन और व्यापक प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है. उन्होंने कहा कि आदिवासी साहित्य केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि प्रकृति, इतिहास, संस्कृति और सामाजिक चेतना का जीवंत दस्तावेज है.उन्होंने बताया कि आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने, नवोदित रचनाकारों को प्रोत्साहित करने तथा विभिन्न जनजातीय भाषाओं और लोक साहित्य को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास किया गया. महोत्सव में शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई.कार्यक्रम के दौरान साहित्यिक गोष्ठियां, कविता पाठ, पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा विभिन्न विषयों पर संवाद आयोजित किए गए.आयोजन समिति ने इसे आदिवासी साहित्य और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया तथा समाज, साहित्यकारों और विभिन्न संगठनों से निरंतर सहयोग की अपील की. कार्यक्रम के सभापति पूर्व आईएएस विल्फ्रेड लकड़ा तथा अध्यक्षता पूर्व आईएएस अशोक शाह ने की, प्रथम सत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आए आदिवासी कवियों ने कविता पाठ किया.

# लेक सिटी एफसी बनी एलीट फुटबॉल लीग चैंपियन

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 28 जून. ईएसई (एलीट स्पोर्ट्स इकोसिस्टम) की ओर से आयोजित अंडर-19 एलीट फुटबॉल लीग 2026 का रविवार को समापन हुआ.**

छह दिन तक चली इस लीग में भोपाल की सात प्रमुख टीमों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता 19 जून से 28 जून के बीच हर शुक्रवार, शनिवार और रविवार को खेली गई. लीग मुकाबलों में लेक सिटी एफसी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए 16 अंक हासिल किए और अंक तालिका में पहले स्थान पर रहकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया.

वहीं रियल भोपाल सीएफ ने दूसरे स्थान पर रहते हुए



उपविजेता का खिताब अपने नाम किया. लेक सिटी एफसी के मोहम्मद साद को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुना गया. इसी टीम के अनुज को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का पुरस्कार मिला. रियल भोपाल सीएफ के हुजैफा को सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर चुना गया, डीपीएस कोलार के अथर्व को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का सम्मान दिया गया.


**एनटीपीसी NTPC एन टी पी सी लिमिटेड** (भारत सरकार का उद्यम)

**एनटीपीसी – विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से निःशुल्क, 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर पोंड ऐश उठाने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण – वित्तीय वर्ष–2026–27**

**ईओआई सं.** वीएसटीपीएस/पोंड ऐश/2026–27/01 **दिनांकः 29.06.2026**

**एनटीपीसी–विंध्याचल 'निःशुल्क', 'पहले आओ, पहले पाओ'** तथा **'जैसा है जहाँ है'** के आधार पर एक वर्ष की अवधि हेतु सिंगरौली जिला, विंध्यानगर, मध्य प्रदेश – 486885 में स्थित **एनटीपीसी–विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट** से पोंड ऐश उठाने के लिए इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करती है। ऐश उठाने एवं उसके परिवहन का उत्तरदायित्व इच्छुक ऐश उपयोगकर्ता का होगा।

इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकता(एं) निर्दिष्ट मानक प्रारूप में **rahulverma@ntpc.co.in/smpandey@ntpc.co.in** पर दिनांक **09.07.2026** को **18:00 बजे** तक प्रस्तुत करें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया **9426125018** अथवा **9650997385** पर संपर्क करें।

रुचि की अभिव्यक्ति हेतु **'सामान्य जानकारी'** तथा **'आवेदन हेतु मानक प्रारूप' www.ntpctender.ntpc.co.in** पर अपलोड किए गए हैं।

**पंजीकृत कार्यालयः** एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003.

**www.ntpc.co.in, सीआईएनः L40101DL1975GOI007966**

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*